जनता दर्शन में आई महिला को सीएम योगी ने पति के इलाज का दिया भरोसा

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, १ नवम्बर। शनिवार शाम गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान एक महिला ने मस्तिष्क आघात से पीड़ित पति के ऑपरेशन में मदद का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने महिला से उसके पति के अब तक हुए उपचार की जानकारी ली और पूरे सहयोग का भरोसा देते हुए कहा- 'घबराइए मत, आपके पति के उपचार में कोई दिक्कत नहीं आने देंगे। इसके लिए विवेकाधीन कोष से भी आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जाएगी।'



मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में आई एक अन्य बीमार महिला को समुचित इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। रविवार को जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 150 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक जाकर मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्र लेकर अधिकारियों को समस्या समाधान के लिए जरूरी दिशानिर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। मिलने आए लोगों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर सीएम ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों व भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

❖ कहा- घबराइए मत, उपचार में नहीं आने देंगे कोई दिक्कत, विवेकाधीन कोष से होगी मदद

वरिष्ठ होम्योपैथ चिकित्सक डॉ. रामरतन बनर्जी को सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, 1 नवंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को दिवंगत वरिष्ठ होम्योपैथ चिकित्सक डॉ. रामरतन बनर्जी के दीवान बाजार स्थित आवास पर जाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। होम्योपैथ चिकित्सक डॉ. रूप कुमार बनर्जी के पिता डॉ. रामरतन बनर्जी का विगत दिनों निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने स्मृतिशेष डॉ. रामरतन बनर्जी के चित्र पर पुष्प चढ़ाया और भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिवंगत की आत्मा की चिर शांति के लिए महायोगी गुरु गोरखनाथ से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय डॉ. रामरतन बनर्जी के परिजनों से आत्मीयता से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया।



धर्मशाला बाजार क्षेत्र में भी पक्का नाला के लिए धनराशि स्वीकृत-योगी

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, १ नवम्बर। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बताया कि गोरखपुर में धर्मशाला बाजार से जो नाला सुमेर सागर होते हुए आगे जाता है, उसे भी आरसीसी का पक्का नाला बनाने के लिए धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जब तक हम जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं करेंगे, तब तक जलजमाव की समस्या का समाधान नहीं होगा। और जब जलजमाव की समस्या का समाधान नहीं होगा तो फिर मच्छर और माफिया पैदा होंगे।



मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों का आह्वान किया कि वे दीपावली पर्व पर गरीबों संग खुशियां साझा करें। कहा कि पर्व और त्यौहार का आनंद तब है जब हम गरीब की झोपड़ी में भी जाकर दीया जलाएं, उसे भी उपहार दें। इसमें अंत:करण से संतुष्टि भी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि मैं स्वयं दीपावली के दिन वनटांगिया गाँव में जाता हूँ। वनटांगिया गांव में जाकर वहां दीपावली की मिठाई खिलाता हूं। उन्होंने कहा कि आपके मोहल्ले में जो मंदिर या शहीद स्मारक हों, वहां पर जाकर महापुरुषों और क्रांतिकारियों के नाम पर एक दीया जरूर जलाएं।लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में गोरखपुर आज विकास की नजीर पेश कर रहा है। जबकि 2017 से पहले सपा सरकार में यही शहर विकास और कानून व्यवस्था की गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा था। लोकार्पण व शिलान्यास समारोह में मंच से आने से पहले मुख्यमंत्री ने बिछिया पुल से गोड़धोइया नाला के कायाकल्प का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने सैम्पल के रूप में बनाई गई 100 मीटर लंबी सड़क पर भ्रमण कर इसका भी जायजा लिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने की तैयारी बैठक

गोरखपुर, १ नवम्बर। भारतीय जनता पार्टी के लोकतंत्र बचाओ अभियान के अंतर्गत आगामी 4 नवंबर को गोरखपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की पदयात्रा की तैयारियों को लेकर आज भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में महत्वपूर्ण तैयारी बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक मे आगामी चार नंबर को आयोजित होने वाली भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष की पदयात्रा कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि,देश में पिछले कुछ समय से चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर जनता के मन में भ्रम और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा करने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। भाजपा गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय ने बताया कि पदयात्रा को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा ऐतिहासिक और जनभागीदारी से परिपूर्ण कार्यक्रम होगा। प्रदेश महामंत्री एवं यात्रा के प्रभारी, संयोजक दिलीप पटेल ने कहा कि लोकतंत्र बचाओ अभियान की यह पदयात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता के बीच सच पहुंचाने का संकल्प है। विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर जो भ्रम फैला रहा है, उसका जवाब हमारा कार्यकर्ता घर-घर जाकर तथ्यों के साथ देगा। बैठक का संचालन गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री राहुल श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित रहे।

❖ प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी हुए विशेष रूप से शामिल

गुलाब रध्वज उर्फ महंथ सिंह बने भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक



गोरखपुर, १ नवम्बर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी द्वारा भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुलाब रध्वज उर्फ महंथ सिंह को उत्तर प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। कौड़ीराम प्रतिनिधि के अनुसार श्री सिंह की नियुक्ति पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने बधाई देते हुए विश्वास जताया कि महंथ सिंह अपने अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और समर्पण के बल पर सहकारिता क्षेत्र के साथ ही भारतीय जनता पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर महंथ सिंह ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे।

उर्दू अकादमी के निवर्तमान चेयरमैन के घर मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, १ नवम्बर। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को उर्दू अकादमी के निवर्तमान चेयरमैन चौधरी कैफुलवरा के गोरखनाथ क्षेत्र स्थित आवास पहुंचकर मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने चौधरी कैफुलवरा के पुत्र मोहम्मद जैद की शादी के अवसर पर नवदंपती को उपहार व शगुन भेंटकर स्नेहिल आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर चौधरी कैफुलवरा ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ एवं उपहार भेंट कर स्वागत किया तथा अपने आवास पर पधारने और नवदंपती को आशीर्वाद देने के लिए हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। चौधरी कैफुलवरा ने बताया कि उनके परिवार का गोरखनाथ मंदिर के महंत जी एवं पीठ से पिछले तीन-चार पीढ़ियों से पारिवारिक जुड़ाव और आत्मीय संबंध रहा है। पूर्व में बड़े महाराज जी (ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ) भी परिवार के मांगलिक अवसरों पर पधारते रहे हैं।



चित्रकला में श्यामू रहे प्रथम

गोरखपुर, १ नवम्बर। गोरखपुर रंग महोत्सव के दूसरे दिन दोपहर में महोत्सव के एक और आकर्षण राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। स्वर्गीय मृत्युंजय राय स्मृति को समर्पित इस राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में गोरखपुर के .श्यामू यादव को दस हजार रुपए का प्रथम पुरस्कार दिया गया। अभिषेक यादव दूसरे स्थान पर रहे, उन्हें पांच हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। लखनऊ के राजेश यादव को ढाई हजार का तीसरा पुरस्कार दिया गया। नंदिनी कुशवाहा व जोआ खातून को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। जब कि कनिष्ठ वर्ग में . देवरिया के प्रवीण भोंसले प्रथम रहे। उन्हें दस हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। गोरखपुर की पावनी सिंघल को पांच हजार का दूसरा पुरस्कार मिला।


प्रो. आमोद कुमार राय भाजपा के प्रादेशिक इकाई के शिक्षक प्रकोष्ठ में सदस्य मनोनीत

गोरखपुर, १ नवम्बर। कल भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के द्वारा उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रादेशिक शिक्षक प्रकोष्ठ का विधिवत गठन एवं घोषणा की गई। इस प्रकोष्ठ में संयोजक, सहसंयोजक और सदस्यों सहित 12 शिक्षकों का मनोनीत किया गया है। गोरखपुर से सहसंयोजक के रूप में डॉक्टर बृजेश मणि मिश्रा एवं सदस्य के तौर पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर आमोद कुमार राय का नाम प्रदेश कार्य समिति द्वारा संस्तुत किया गया है। ध्यातव्य है कि प्रो आमोद कुमार राय संघ के आनुषंगिक संगठन अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से पिछले दो दशकों से जुड़े हुए हैं। शोध और शिक्षण के अलावा बहुत से सामाजिक सरोकारों से भी उनका गहरा जुड़ाव है। प्रो. आमोद ने कहा है कि इस दायित्व के साथ वे सरकार से शिक्षक सरोकारों पर सतत संवाद करेंगे। व्यवहारिक धरातल पर शिक्षकों को जिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है उसे उनके सम्मुख प्रस्तुत करेंगे।



2027 में भाजपा का सफाया होगा-जसवीर कौर

गोरखपुर, १ नवम्बर। समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत होने के उपरांत सपा के बेतियाहाता स्थित कार्यालय प्रथम आगमन पर महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जसवीन कौर का तथा उनके साथ पार्टी कार्यालय पहुंची महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा राजभर का निवर्तमान जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम व निवर्तमान महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी के नेतृत्व में महिला सभा की नेत्रियों द्वारा फुल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया गया। नव मनोनीत महिला सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जसवीन कौर ने कहा कि नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका बखुबी निर्वहन करूंगी। 2027 में सपा सरकार बनेगी भाजपा का सफाया होगा। निवर्तमान जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम ने कहा कि जसवीन कौर को महिला सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत होने से पार्टी महिला संगठन को मजबूती मिलेगी।पीडीए पंचायत कार्यक्रम एवं स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा राजभर ने कहा कि 2027 अब दूर नहीं है, अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए पार्टी की सभी महिलाएं एवं पुरुष अपने अपने बूथों पर मजबूती से काम करेंगे और सफलता प्राप्त करेंगे।



श्रीप्रकाश सिंह 'अनिल', लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत

गोरखपुर, १ नवम्बर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ व्यापारी नेता प्रकाश सिंह अनिल को भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ का प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है।अपने मनोनयन पर प्रकाश सिंह अनिल ने कहा कि विगत 40 वर्षों से मैं व्यापारी समाज की सेवा कर रहा हूँ। पहले बड़े महाराज जी ब्रह्मलीन परम पूज्य अवेद्यनाथ जी महाराज के मार्गदर्शन में और फिर पूज्य महाराज जी योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में हमने लगातार व्यापारी समाज के हित के लिए संघर्ष किया है। शीर्ष नेतृत्व ने जो भी दायित्व दिया, उसे पूरे मनोयोग से निभाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि आज की सरकार द्वारा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन योजनाओं को पूरे प्रदेश में जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा।



मसीहियों ने मनाया ऑल सेंट्स डे

गोरखपुर, १ नवम्बर। डायसिस ऑफ़ लखनऊ के अंतर्गत आने वाले सभी चर्चों में आज प्रात: रविवारीय आराधना में धार्मिक पंचांग के अनुसार समस्त संतो का दिन के अवसर पर पवित्र शास्त्र के अनुसार यशायाह के पद को पढ़कर चिंतन मनन किया गया सेंट थॉमस धर्मपुर के पुरोहित संजय विंसेंट ने बताया एक नवंबर को हर वर्ष सभी संतों का पर्व मनाया जाता है आज के दिन सभी ज्ञात व अज्ञात संतों को याद करने और उनके कृतज्ञता को व्यक्त करने का एक विशेष अवसर है उन्होंने अपने जीवन को ईश्वर की सेवा और मानवता की भलाई में पूरी तरह समर्पित कर दिया ईसाई मान्यताओं के अनुसार यह दिन इस विश्वास को सुदृढ़ करता है कि मृत्यु के बाद भी एक अनंत जीवन है जहां प्रभु के मार्ग पर चलने वालों सभी विश्वासी स्वर्ग में पुन: एकत्रित होंगे।


स्टेशन पर रेलकर्मियों को दिलायी सत्यनिष्ठा की शपथ

गोरखपुर, १ नवम्बर। केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार पूर्वोत्तर रेलवे पर 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' विषय पर मनाये जा रहे 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' के अन्तर्गत महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी आदर्श खरे के मुख्य आतिथ्य में गोरखपुर जं. स्टेशन पर शपथ ग्रहण, ई-प्लेज समारोह का आयोजन किया गया तथा सतर्कता जागरूकता हेतु पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड के सदस्यों द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस समारोह में स्टेशन निदेशक, गोरखपुर जं. रतन दीप गुप्ता, सतर्कता विभाग के अधिकारी एवं निरीक्षक तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी आदर्श खरे ने गोरखपुर जं. स्टेशन पर रेल अधिकारियों, कर्मचारियों तथा यात्रियों को सतर्कता जागरूकता हेतु सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम सभी को जीवन में सतर्क रहकर देश के विकास में योगदान करना चाहिये तथा अपना कार्य पूरी पारदर्शिता, ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा से करना चाहिये। श्री खरे ने कहा कि हमें अपने जीवन में नैतिकता का समावेश करना चाहिये, इससे समाज परिष्कृत होगा एवं देश आगे बढ़ेगा। शपथ ग्रहण समारोह के उपरान्त पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड के सदस्यों द्वारा सतर्कता जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसकी सभी ने भूरि-भूरि प्रसंशा की। इसी के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 का समापन हुआ।



जीवों का कल्याण करती है कथा-हनुमतेश मिश्रा

गोरखपुर, १ नवम्बर। श्री विष्णु मंदिर असुरन में मानस उत्थान समिति द्वारा कथा के प्रारंभ में वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र गौड़ समिति के अध्यक्ष राधेश्याम श्रीवास्तव, दयानंद शर्मा ने व्यास पीठ का पूजन व आरती किया। कथा व्यास पंडित हनुमतेश मिश्रा ने कहा कि भक्त भगवान को सदा राजा के रूप में ही देखना चाहता है। व्यक्ति को प्रभाव के साथ स्वभाव भी अच्छा रखने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि प्रभाव की सुन्दरता स्वभाव के सुंदरता पर ही आधारित होती है। स्वभाव की सुंदरता पर जो प्रेम होता है वह निस्वार्थ प्रेम होता है। प्रेम के मूल में प्रभाव, स्वभाव, सौंदर्य और अपनापन ये चारों गुण होते हैं। यही चारों गुण ही भगवान में एक साथ विद्यमान होते हैं। हमारे अपने भगवान ही हैं बाकी यह दुनिया तो पराई है हमेशा साथ रहने वाली नहीं है। जिसे भगवान की कथा का व्यसन लग गया वह जीते जी ही मुक्त हो जाता है। भगवान की कथा में ऐसा सामर्थ्य है कि यह हर प्रकार के जीवों का कल्याण कर सकती है। मुख्य यज्ञाचार्य पंडित सुंदर श्याम त्रिपाठी के नेतृत्व में 60 यजमानों ने यज्ञ में आहुति दी। पुराण परायण और अखंड श्री हरि संकीर्तन अनवरत चल रहे है।



माफिया प्रवृत्ति की पार्टी है सपा-योगी

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, १ नवम्बर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर को नगरीय जीवन सुगमता के लिए 880 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए 2017 से पहले की सपा पर विकास बाधित करने और माफिया संस्कृति को प्रश्रय देने के लिए निशाना साधा। उन्होंने हमलावर शब्दों में कहा कि समाजवादी पार्टी माफिया प्रवृत्ति की पार्टी है। जैसे कुत्ते की पूंछ सीधी नहीं हो सकती, वैसे ही समाजवादी पार्टी के लोग कभी सीधे नहीं हो सकते हैं। जब भी मौका मिला, जमीन कब्जा करना इन लोगों की प्रवृत्ति है। सीएम योगी रविवार शाम 495.24 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण गोड़धोइया नाला परियोजना के पहले चरण का लोकार्पण और 92.72 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजना के दूसरे चरण का शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 721.40 करोड़ रुपये की लागत वाली गोरखपुर सीवरेज योजना जोन ए-3 और गोड़धोइया नाला के किनारे 65.93 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का भी शिलान्यास किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने सपा शासन की कुछ घटनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि जेल रोड पर गोरखपुर के एक प्रतिष्ठित परिवार की दो हवेलियां हुआ करती थीं। सपा सरकार के समय उस पर एक बार जबरन कब्जा करने का प्रयास किया गया। उस समय विरोध किया गया और उस रईस परिवार ने सपा के माफिया से जमीन बचाने के लिए अपनी दोनों हवेलियों को रात्रि भर में गिरा दिया। मुख्यमंत्री ने एक अन्य घटना सुनाते हुए कहा, 'इसी तरह आर्यनगर में भी एक माफिया ने एक प्रतिष्ठित परिवार के हवेली को कब्जा करने का प्रयास किया तो बतौर सांसद मैं स्वयं मौके पर गया था। मैंने पब्लिक से वहां पर कहा था इन गुंडों को पकड़-पकड़ के मारो।' सीएम योगी ने 2017 के बाद कानून व्यवस्था में आए अभूतपूर्व बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि आज कोई किसी गरीब, व्यापारी या सम्मानित नागरिक की प्रॉपर्टी पर कब्जा करने का दुस्साहस नहीं कर सकता। ऐसा करने से पहले वह दस बार सोचेगा। जबकि 2017 के पहले यह स्थिति नहीं थी। असुरक्षा का वातावरण था, बेटी स्कूल नहीं जा पाती थी, व्यापारी सुरक्षित माहौल में व्यापार करने की स्थिति में नहीं था। आज गोरखपुर में किसी गरीब की, किसी व्यापारी की, किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति की जमीन या मकान पर कोई कब्जा करने का दुस्साहस नहीं कर सकता है।



❖ गोड़धोइया नाला परियोजना के पहले चरण का लोकार्पण और दूसरे चरण का मुख्य मंत्री ने किया शिलान्यास किया

वाराणसी से नई दिल्ली आज से चलेगी वंदेभारत स्लीपर ट्रेन

गोरखपुर, १ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा हेतु शुभारम्भ की गई 27421/27422 वाराणसी जं.-नई दिल्ली वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस का संचलन वाराणसी जं. से 2 नवम्बर से सप्ताह में 6 दिन (शुक्रवार को छोड़कर) तथा नई दिल्ली से 2 नवम्बर से सप्ताह में 6 दिन (शनिवार को छोड़कर) किया जायेगा। 27421 वाराणसी जं.-नई दिल्ली वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस 2 नवम्बर से सप्ताह में 6 दिन (शुक्रवार को छोड़कर) वाराणसी जं. से 20.50 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज जं. से 22.40 बजे, दूसरे दिन कानपुर सेंट्रल से 45 बजे, अलीगढ़ से 3.57 बजे तथा गाज़ियाबाद से 5.25 बजे छूटकर नई दिल्ली 6.10 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 27422 नई दिल्ली-वाराणसी जं. वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस 2 नवम्बर से सप्ताह में 6 दिन (शनिवार को छोड़कर) नई दिल्ली से 21.40 बजे प्रस्थान कर गाज़ियाबाद से 22.15 बजे, अलीगढ़ से 23.22 बजे, दूसरे दिन कानपुर सेंट्रल से 2.50 बजे तथा प्रयागराज जं. से 5.10 बजे छूटकर वाराणसी जं. 7.10 बजे पहुँचेगी।

तालू-कटे बच्चों की होगी सर्जरी, लगाए जाएंगे कॉक्लियर इम्प्लांट

गोरखपुर, १ नवम्बर। डा. रजनीकांत स्मृति सेवा प्रकल्प के तत्वावधान में आज पुर्दीलपुर में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर में सुबह 9 बजे से ही रोगियों का आने का सिलसिला शुरू हुआ तो शाम चार बजे तक चलता रहा। शिविर में गोरखपुर व अन्य जनपदों से आए करीब 900 मरीजों को चिकित्सकों ने पंजीकरण कराया। जिसमें करीब 800 लोगों को वरिष्ठ चिकित्सकों ने परामर्श देकर मुफ्त दवाइयां दी। पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों के कान का आपरेशन निशुल्क किया गया। जो बच्चे जन्म से बहरे थे, साथ ही कटे होंठ और तालू का भी आपरेशन नि:शुल्क किया जायेगा। शिविर में हड्डी, मेडिसिन, स्त्री रोग, नेत्र, दंत, न्यूरो, हृदय रोग, सर्जरी, बाल रोग, मानसिक स्वास्थ्य, ईएनटी समेत विभिन्न विभागों के अनुभवी चिकित्सकों ने मरीजों को देखा। बिहार गोपालगंज से आईं 45 वर्षीय उर्मिला देवी ने बताया कि आर्थिक तंगी से छह वर्षीय बेटी का इलाज नहीं हो पा रहा था यह शिविर वरदान साबित हुआ। कुछ इस तरह की बातें हाटा से आईं 40 वर्षीय ममता कुशवाहा, महराजगंज की श्वेता, बड़हलगंज से आईं किरन व नीलम ने खलीलाबाद से आए 55 वर्षीय सुरेंद्र पांडेय ने भी कहा। करीब 70 मोतियाबिंद रोगियों का आपरेशन निशुल्क किया गया। सेवा प्रकल्प के डा. अभिलाष, डा. सुगंध व डा. अनुराग ने सभी चिकित्सकों का स्वागत किया। डा. विजाहत करीम, डा. एसएम सिन्हा, डा. महेंद्र अग्रवाल, डा. एके श्रीवास्तव, डा. आसिफ मसूद, डा. राजेश यादव, डा. अनिल श्रीवास्तव, डा. त्रिलोक रंजन, डा. सुरहिता करीम, डा. हर्षवर्धन राय, डा. वीरेश गुप्ता,डा. सुगंधा भारती, डा. अनुभव श्रीवास्तव, डा. मीनाक्षी गुप्ता, डा. अनुकृति रंजन, डा. विश्रुत भारती, डा. एनपी सिंह, डा. विनोद श्रीवास्तव, डा. सीबी मद्धेशिया, डा. अभिनव श्रीवास्तव, डा.एके श्रीवास्तव, डा.आलोक आदि ने अहम भूमिका निभाई। अंत में आयोजन समिति की सदस्य अनुपम श्रीवास्तव, शबनम श्रीवास्तव,प्रेम ने समुचित टीम को शिविर की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।



❖800 से अधिक मरीजों का हुआ नि:शुल्क इलाज